प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे व उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। रोजगार पर बजट के बाद आज एक वेबिनार को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे-केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वेबिनार के विषय लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये गए हैं। जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री

भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत डॉक्टर अब्दुलनासिर अलशाली ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश में निवेश के संभावित अवसरों पर विचार-विमर्श किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यूएई को पर्यटन व आतिथ्त सत्कार, हरित ऊर्जा, डेयरी, खाद्य प्रंसस्करण और डाटा स्टोरेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आगामी वर्ष तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित होने की राह पर अग्रसर है। यूएई के राजदूत ने पर्यटन क्षेत्र विशेष रूप साहसिक खेलों व स्कीईंग जैसे क्षेत्रों में निवेश में गहरी रूचि दिखाई।

विक्रमादित्य सिंह

केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय डेटा केंद्र के लिए नगरपालिका साझा सेवा केंद्रों एम.एस.एस.सी. की स्थापना के दृष्टिगत 50 करोड़ रूपए की अनुदान राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अनुदान राशि से राज्य में शहरी स्थानीय निकायों के तीन क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाकर नगर प्रशासन के आधुनिकीकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि एम.एस.एस.सी. की स्थापना से नगर पालिकों में प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगीं। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि मंत्रालय द्वारा हिमाचल के लिए जल्द धनराशि जारी करने का प्रस्ताव दिया जा चुका है और यह राशि दो चरणों में वितरित की जाएगी।

जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र किलाड़ के अपर कुम्हार में हिमस्खलन की चपेट में आए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि हिमस्खलन की चपेट में आने से करीब 8 घर व दो लोग घायल हुए हैं और प्रभावित परिवारों के लिए राशन, गरम कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

पैंशनर

वित्तीय लाभ और समय पर पैंशन न मिलने पर भारतीय राज्य पैंशनर्स संघ ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में पूर्व कर्मचारियों को समय पर पैंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से चिकित्सा बिल का भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे पूर्व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घनश्याम शर्मा ने सरकार पर कर्मचारियों व पैंशनरों के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने चिकित्सा बिलों और पैंशन का भुगतान नहीं किया तो आने वाले समय में संघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

<u>बिहारी लाल</u>

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राट्रीय दिवस की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगी। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में पार्टी के बड़े नेता लोगों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करेंगे।

.

———————————————————————————————————————

———————————————————————————————————————